नगर निगम में अफसरशाही पर सियासी संग्राम, भाजपा के जनप्रतिनिधियों की सुनवाई नहीं होने का आरोप

अमित सक्सेना की दो टूक नसीहत-'अपना आत्म सम्मान गिरवी मत रखो, आत्मा को मत मारो और भाजपा छोड़ दो' पेयजल संकट, विकास कार्यों की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर उठाए सवाल

नगर निगम में लंबित विकास कार्यों को लेकर शुरू हुआ विवाद अब राजनीतिक रंग लेने लगा है। गुरुवार को महापौर विक्रम अहाके के निगम आयुक्त के कक्ष में पहुंचकर नाराजगी जताने और काम पूरे नहीं होने पर धरने पर बैठने की चेतावनी देने का मामला सामने आने के बाद शहर की राजनीति में हलचल तेज हो गई। घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों की कार्यशैली और जनप्रतिनिधियों की सुनवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच अमित सक्सेना ने प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर निशाना साधते हुए भाजपा में शामिल हुए नेताओं को दोटूक नसीहत दी कि अपना ईमान गिरवी मत रखो, अपनी आत्मा को मत मारो और भाजपा छोड़ दो।



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

हाल ही में भाजपा खेमे से कांग्रेस में घर वापसी करने वाले जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना ने आरोप लगाया कि केंद्र, प्रदेश और नगर निगम में भाजपा का नेतृत्व होने के बावजूद शहर के विकास कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो रहे हैं। स्थिति यह है कि सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधियों को भी अपने क्षेत्रों के काम कराने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब महापौर और पार्षदों को ही अपनी बात मनवाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, तो आम जनता की समस्याओं का समाधान किस तरह होता होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

भाजपा के शासन में भाजपा के जनप्रतिनिधि ही परेशान!

सक्सेना ने नगर निगम में अफसरशाही हावी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच से चुनकर आते हैं। वे अपने वार्ड और शहर की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं, लेकिन उनकी मांगों पर समय पर कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए कई जनप्रतिनिधियों की स्थिति भी सहज नहीं है। पार्षद अपने वार्डों में विकास कार्यों को लेकर परेशान हैं, वहीं महापौर को भी लंबित कामों के लिए अधिकारियों के सामने नाराजगी जाहिर करनी पड़ रही है। नगर निगम में महापौर शहर का प्रथम नागरिक होता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि अधिकारी जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान दें और विकास कार्यों को गति देने में सहयोग करें। ऐसे में महापौर की नाराजगी ने प्रशासनिक व्यवस्था और अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।हालांकि, लंबित कार्यों में देरी के कारणों और अधिकारियों के पक्ष की आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

भाजपा छोड़ने की नसीहत से बढ़ी राजनीतिक चर्चा

अमित सक्सेना के बयान का सबसे चर्चित हिस्सा भाजपा में शामिल हुए नेताओं को दी गई उनकी नसीहत रही। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि जनता के हित में काम नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें लगातार उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तो उन्हें अपने राजनीतिक फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उनके इस बयान के बाद चर्चा शुरू हो गई है कि क्या कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए कुछ नेता आने वाले समय में फिर अपनी पुरानी पार्टी की ओर लौट सकते हैं।हालांकि, अभी तक किसी नेता की वापसी को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। इसलिए इसे फिलहाल राजनीतिक अटकल के रूप में ही देखा जाना चाहिए। सक्सेना ने राजा कमलेश शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का उल्लेख करते हुए भी राजनीतिक अपेक्षाओं और सम्मान का सवाल उठाया। उन्होंने महापौर विक्रम अहाके और विधायक सोहन वाल्मीकि सहित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की सुनवाई को लेकर सवाल खड़े किए।

अमित सक्सेना के बयान के मायने"अपना ईमान गिरवी मत रखो, अपनी आत्मा को मत मारो और भाजपा छोड़ दो।"

सक्सेना की इस टिप्पणी को भाजपा में शामिल हुए पूर्व कांग्रेसी नेताओं के बीच कथित असंतोष से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, किसी नेता के पार्टी छोड़ने या कांग्रेस में वापसी का फैसला अभी सामने नहीं आया है। छिंदवाड़ा में नगर निगम के विकास कार्यों को लेकर शुरू हुआ विवाद अब प्रशासनिक कार्यशैली से आगे बढ़कर राजनीतिक बहस का विषय बन गया है। एक ओर महापौर की नाराजगी सामने आई है, तो दूसरी ओर अमित सक्सेना ने अफसरशाही, विकास कार्यों में देरी और पेयजल संकट को लेकर सवाल उठाए हैं।अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि नगर निगम प्रशासन लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाता है, जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का समाधान किस तरह किया जाता है और पेयजल व्यवस्था को लेकर क्या तैयारी होती है। यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो नगर निगम का यह विवाद आने वाले दिनों में छिंदवाड़ा की राजनीति में नए समीकरणों को जन्म दे सकता है।

महापौर की नाराजगी ने बढ़ाई सियासी हलचल

गुरुवार को महापौर विक्रम अहाके लंबित विकास कार्यों को लेकर निगम आयुक्त के कक्ष में पहुंचे। काम पूरे नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने धरने पर बैठने की चेतावनी दी। घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम की कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधियों की सुनवाई को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गईं।

पेयजल संकट पर भी उठाए सवाल

प्रेस वार्ता में अमित सक्सेना ने आगामी समय में शहर में संभावित पेयजल संकट को लेकर चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम ने पानी की समस्या से निपटने के लिए समय रहते पर्याप्त तैयारी नहीं की है। उनका कहना था कि जब जल संकट की आशंका पहले से रहती है, तो वैकल्पिक जलस्रोतों, वितरण व्यवस्था और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ठोस योजना बनाई जानी चाहिए।पेयजल शहर की सबसे बुनियादी जरूरतों में शामिल है। गर्मी के मौसम में पानी की कमी होने पर इसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ता है। ऐसे में नगर निगम की जिम्मेदारी है कि वह जलस्रोतों की स्थिति का आकलन कर समय रहते आवश्यक कदम उठाए। सक्सेना ने सवाल किया कि जब सभी स्तरों पर भाजपा की सरकार है, तब भी शहर की बुनियादी समस्याओं का समाधान क्यों नहीं हो पा रहा है?अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि निगम प्रशासन आगामी समय में पेयजल व्यवस्था को लेकर क्या योजना सामने रखता है और संभावित संकट से निपटने के लिए कितनी प्रभावी तैयारी करता है।

बैकयार्ड में गांजे की सीक्रेट खेती: मोहगांव पुलिस ने 26 किलो का पौधा किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और घरों में छिपकर की जा रही खेती के खिलाफ मोहगांव पुलिस ने एक बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम डुड्डेवानी में घेराबंदी कर एक घर के पीछे बाड़े (बाथरूम के पास) उगे गांजे के पौधे का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 26 किलो 300 ग्राम वजनी हरा गांजा जब्त करते हुए मकान मालिक सुरजीराम सलामे (53 वर्ष) को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जब्त किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय/बाजार कीमत लगभग 1,31,500 आंकी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को मोहगांव थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव के ही सुरजीराम ने अपने मकान के पिछले हिस्से में अवैध रूप से गांजे का पौधा उगा रखा है। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए जब बताए ठिकाने पर दबिश दी, तो बाड़े के कोने में बाथरूम के पास लहलहाता गांजे का भारी-भरकम पौधा देखकर हैरान रह गई। आरोपी ने भी पुलिस की पूछताछ में पौधा उगाने की बात कबूल कर ली।आरोपी सुरजीराम सलामे के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट (धारा 8, 20-ए) के तहत पुलिस ने विधिवत पंचनामा बनाकर माल जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 88/26 दर्ज करते हुए आगे की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी व खेती को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्रवाही में थाना प्रभारी अजय मरकाम, उप निरीक्षक नन्हेंलाल मरावी,ओमप्रकाश ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक कमल गवनेकर, आरक्षक वैभव एवं अजय की विशेष भूमिका रही है।

19 नल कनेक्शन काटे गए, बड़े बकायेदारों को 7 दिन का अल्टीमेटम

छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा सीमांतर्गत बकाया करों की शत-प्रतिशत वसूली एवं राजस्व सुदृढ़ीकरण हेतु निगम प्रशासन द्वारा प्रतिदिन विशेष वसूली अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय के सख्त निर्देशों एवं राजस्व प्रभारी एवं सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में राजस्व अमले द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 26 एवं वार्ड क्रमांक 27 में विशेष राजस्व वसूली अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान दोनों वार्डों में लंबे समय से कर का भुगतान न करने वाले 35 बड़े बकायेदारों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया गया तथा उन्हें तत्काल बकाया राशि जमा करने के कड़े निर्देश दिए गए। कार्रवाई के दौरान जल कर एवं संपत्ति कर का भुगतान न करने पर कड़ा एक्शन लेते हुए वार्ड क्रमांक 27 के 8 तथा वार्ड क्रमांक 26 के 11, इस प्रकार कुल 19 बड़े बकायेदारों के नल कनेक्शन मौके पर ही विच्छेद (काट) कर दिए गए। इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध रूप से चलाए जा रहे नल कनेक्शनों के विरुद्ध भी विच्छेदन की कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन ने सभी संपत्ति कर एवं जल करदाताओं को स्पष्ट चेतावनी देते हुए 7 दिवस का अंतिम अल्टीमेटम दिया है। निर्देश दिए गए हैं कि वे सात दिनों के भीतर अपने सभी बकाया करों का शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करें, अन्यथा समयावधि समाप्त होने पर संबंधित भवनों व परिसरों की कुर्की तथा कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

परासिया विधायक सहित एक अन्य पर मामला दर्ज

चांदामेटा / परासिया :- भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया की शिकायत पर परासिया विधायक सोहन वाल्मीक और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ चांदामेटा पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया है । भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया ने चांदामेटा पुलिस में की गई अपनी शिकायत में कहा है कि पंकज स्टेडियम में 20 अक्टूबर मंगलवार को मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और रावण दहन कार्यक्रम में जब वे और भाजपा नेता सज्जू तिवारी , हरिश्चंद्र अग्रवाल , राजकुमार सिंह , प्रदीप विश्वकर्मा , उदिता यादव , मनीष जैन और अन्य लोग कार्यक्रम देखने पहुंचे तब विधायक सोहन वाल्मीक के द्वारा उन्हें और उनके साथियों के साथ गाली-गलौज की गई वहीं । एक अन्य व्यक्ति शिवम मालवीय के द्वारा मुख्यमंत्री श्री यादव और सांसद श्री साहू के खिलाफ अप शब्द कहे गए । पुलिस ने भाजपा नेत्री की इस शिकायत के आधार पर विधायक सोहनलाल वाल्मीकि और शिवम मालवीय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी) , 351 (3) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है ।

पांढुर्णा में ई.डब्ल्यू.एस. कोटे से बने डॉक्टर के दस्तावेजों की जांच में गड़बड़ियां उजागर, कलेक्टर ने भेजी रिपोर्ट

ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाणपत्र 31 जनवरी 2023 को तत्कालीन तहसीलदार वीर बहादुर द्वारा किया गया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

ग्राम सिराठा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रहे डॉ. जितेश गोन्नाडे के नौकरी से त्यागपत्र देने के बाद ई.डब्ल्यू.एस. (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) प्रमाणपत्र में की गई गड़बड़ियों का बड़ा मामला सामने आया है। पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर अपना प्रतिवेदन 23 अक्टूबर को छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायण को प्रेषित कर दिया है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, डॉ. जितेश ने ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए अपनी पारिवारिक वार्षिक आय 7 लाख 2 हजार रुपये दर्शाई थी। हालांकि, प्रशासनिक जांच में सामने आया कि उनके पिता प्रथम श्रेणी (क्लास वन) अधिकारी हैं। इसके अलावा, उनके परिवार के नाम पंढरी वार्ड में 800 वर्गफीट का मकान, जलाराम वार्ड में लगभग 4,000 वर्गफीट आवासीय भूमि तथा ग्राम देवखापा में 0.483 हेक्टेयर कृषि भूमि पंजीकृत है।

रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि डॉ. जितेश ई.डब्ल्यू.एस. कोटे के तहत मिलने वाले आरक्षण के लिए पात्र नहीं थे और उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारियां छुपाकर यह प्रमाणपत्र हासिल किया था। उल्लेखनीय है कि डॉ. जितेश छिंदवाड़ा स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. नरेश गोन्नाडे के पुत्र हैं। उनका यह ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाणपत्र 31 जनवरी 2023 को तत्कालीन तहसीलदार वीर बहादुर द्वारा जारी किया गया था।

भाजपा नेता ने उठाया था मामला, मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुआ एक्शन



इस मामले की गड़बड़ियों को छिंदवाड़ा के भाजपा नेता रमेश पोफली ने उजागर किया था। गत 17 अगस्त को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच से इस विषय पर संज्ञान लेते हुए संबंधित डॉक्टर को निलंबित करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद डॉ. जितेश ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था और सरकारी नियमों के तहत ट्रेजरी में 93,000 रुपये की राशि जमा कराई थी। कलेक्टर द्वारा रिपोर्ट भेजे जाने के बाद अब आगे की विधिक व प्रशासनिक कार्रवाई पर नजर बनी हुई है।

स्थानीय पार्षदों की मौजूदगी में समस्याओं का मौके पर हुआ त्वरित निराकरण

छिंदवाड़ा। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित व स्थल पर ही समाधान, प्रशासनिक पारदर्शिता और शासकीय योजनाओं की सुलभता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर निगम अमले द्वारा 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026' के अंतर्गत प्रति शुक्रवार आयोजित होने वाले विशेष वार्ड भ्रमण कार्यक्रम किया गया। निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय की मौजूदगी में निगम की प्रशासनिक एवं राजस्व टीम ने वार्ड क्रमांक 18 एवं 21 में सघन भ्रमण कर जन-संवाद किया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद श्रीमती अनुबाला अभिलाष गौहर एवं वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद श्रीमती कविता शिव मालवी विशेष रूप से उपस्थित रही। निगम अमले ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ दोनों वार्डों के विभिन्न रिहाइशी इलाकों का पैदल दौरा कर सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट एवं नालियों की स्वच्छता का जायजा लिया।

अवैध खनन और परिवहन पर कारवाई, नांदनवाड़ी-बंधान से 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर शिकंजा कसने के लिए प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज 23 अक्टूबर को खनिज विभाग के संयुक्त दल ने तहसील पांढुर्णा के विभिन्न क्षेत्रों में अचानक दबिश देकर निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान ग्राम नांदनवाड़ी-बंधान में अवैध रूप से मुरुम का उत्खनन और परिवहन करते हुए दो वाहनों को रंगे हाथों पकड़ा गया। इनमें से एक बिना पंजीयन क्रमांक की महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा दूसरा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 22 एए 9135 मय ट्रॉली शामिल है। खनिज विभाग के दल ने नियमों के तहत तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया।

अभिरक्षा में खड़े कराए गए वाहन



जप्त किए गए दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मुरुम सहित सुरक्षित रूप से नांदनवाड़ी पुलिस चौकी परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। विभाग की ओर से नियमानुसार मामला दर्ज कर लिया गया है। अब जुर्माना तय करने और आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए इस प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय, पांढुर्णा के समक्ष पेश किया जाएगा। इस आकस्मिक कार्रवाई के दौरान सहायक खनिज अधिकारी श्री महेश नगपुरे के साथ खनिज विभाग की संयुक्त टीम मौके पर मुस्तैद रही।

डिलीवरी बॉय से लूट का प्रयास विफल पुलिस की हत्थे चढ़े आरोपी भेजे गए जेल

शिवपुरी / परासिया :- रावनवाड़ा - शिवपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी में एक डिलीवरी बॉय से लूट का प्रयास विफल हो गया । इस मामले में थाना शिवपुरी पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर रंगदारी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर शनिवार को फरियादी शहबाज अली पिता फिरोज अली उम्र 25 साल निवासी टेक मोहल्ला परासिया ने थाना शिवपुरी रावनवाड़ा में रिपोर्ट किया , कि वह मीशो कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता है । वह 22 अक्टूबर को शिवपुरी शराब भट्टी में राहुल डेहरिया का सामान डिलीवर करने आया था । तभी शाम करीब 6:30 बजे सामान डिलीवर कर अपनी स्कूटी गाड़ी से परासिया के लिए निकला था । उसी समय रोड में दो लड़के राज मालवीय और बाबू खान उस से शराब पीने के



लिए पैसे मांगने लगे तो पैसे देने मना करने पर मां बहन की गंदी - गंदी गाली गलौज कर मारने पीटने के लिए होने लगे । तब वहां से तत्काल अपनी स्कूटी स्टार्ट कर चला गया आगे रास्ते में उक्त दोनों व्यक्ति के द्वारा अपने एक लाल काले रंग की हीरो कंपनी की ग्लैमर मोटरसाइकिल से पीछा कर विष्णुपुरी बेरियर के पहले रास्ता रोक कर शराब पीने के लिए फिर से पैसे मांगने लगे । नहीं देने पर उक्त दोनों व्यक्ति के द्वारा मां बहन की गंदी-गंदी गाली गलौज कर मारपीट करने लगे फरियादी उन लोगों से छुड़ाकर भाग गया । पुलिस ने शाहबाज की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 214/26 धारा 126(2) 296 (भी), 119 (1),115 (2), 351 (3)3/5 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । आरोपी राज मालवीय पिता किशोर मालवीय उम्र 22 साल एवं शेख बाबू पिता शेख सलीम उम्र 25 साल दोनों निवासी शिवाजी कॉलोनी शिवपुरी की पता तलाश किया जो बाजार में मिले । घटना के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने घटना कारित करना स्वीकार करने पर आरोपी राज मालवी से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर लाल काले रंग की हीरो कंपनी की ग्लैमर मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह , उप निरीक्षक नरेंद्र तिवारी सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण तिवारी, प्रधान आरक्षक अनिल, शरद, आरक्षक सत्येंद्र, सनत की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

बीते तीन दिनों से ना लगी झाड़ू ना फेंका गया मेडिकल वेस्ट

बड़कुई केंद्रीय चिकित्सालय में चरमराई सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगरीय निकाय बड़कुही में स्थित वेकोलि के केंद्रीय चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है । यहां बीते तीन दिनों से न तो झाड़ू लगाई गई है और न ही मेडिकल वेस्ट को ठिकाने लगाया गया है । यह सब अस्पताल में बीते कई वर्षों से काम कर रहे सफाई कर्मियों की नाराजगी के चलते हुआ है । सफाई कर्मी ठेकेदार के द्वारा किए जा रहे आर्थिक शोषण से नाराज है । मरीजों को संक्रमण से बचाकर नया जीवन देने वाला बड़कुही अस्पताल खुद गंभीर प्रशासनिक भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के आईसीयू में पहुंच चुका है । अस्पताल परिसर , वार्डों और



ओपीडी कक्षों में पिछले तीन दिनों से झाड़ू तक नहीं लगी है । चारों तरफ फैली कचरा और दुर्गंध सीधे तौर पर भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों के स्वास्थ्य पर हमला बोल रही है । जानकारी लेने पर सामने आया , कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था का जिम्मा जिन ठेका कर्मियों के कंधों पर है , उनके साथ आधुनिक दौर में बंधुआ मजदूरों जैसा बर्ताव किया जा रहा है । 10 से 12 वर्षों से लगातार सेवा दे रहे इन महिला और पुरुष सफाईकर्मियों को न तो तय कलेक्टर रेट के अनुसार न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है और न ही नियमानुसार भविष्य निधि (PF) का लाभ।

खाते में 13 हजार , हाथ में महज 6800

सफाईकर्मियों ने ठेकेदार की संगठित लूट की पोल खोलते हुए साफ किया , कि कागजों और बैंक खातों में नियमों का पालन दिखाने के लिए 13,000 की राशि ट्रांसफर की जाती है । इसके तुरंत बाद ठेकेदार कर्मियों से शेष राशि जबरन नकद वसूल लेता है और उनके हाथ में केवल 6,800 थमा दिए जाते हैं । यानी हर महीने प्रति मजदूर 6,200 की खुली डकैती डाली जा रही है ।

पीएफ में भी झोल

श्रम कानूनों के अनुसार कर्मचारियों के वेतन से कटने वाला पीएफ सीधे उनके खाते में जमा होना चाहिए , लेकिन सफाई कर्मियों ने बताया , कि यहां दशक भर से पसीना बहा रहे मजदूरों का बमुश्किल एक या दो साल का ही पीएफ जमा दिखाया गया है । बाकी बरसों का पीएफ अंशदान कहां गायब हो गया ? क्या यह राशि ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के बीच बंदरबांट की भेंट चढ़ गई ?

इंटक पदाधिकारियों ने किया हस्तक्षेप

अस्पताल में ब्लड टेस्ट और PME की सुविधा वाला कक्ष पिछले चार दिनों से बंद पड़ा था । लगातार छुट्टियों और रविवार के कारण वहां साफ - सफाई भी नहीं हुई थी । इसके कारण PME कराने के लिए आने वाले कर्मचारियों एवं कामगारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था । जिसकी शिकायत कामगारों द्वारा लगातार इंटर पदाधिकारी को दी जा रही थी । शुक्रवार को जब सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल किए जाने की जानकारी लगी तो इंटक महामंत्री मनोज तिवारी , इंटक नेता साबिर खान , कमल राठौर अस्पताल पहुंचे यहां इन्होंने अस्पताल प्रबंधन , सिविल विभाग के अधिकारी , ठेकेदार और सफाई कर्मियों से बात की । प्रबंधन पर तुरंत सफाई कर्मियों की समस्याओं का समाधान किए जाने का दबाव बनाया ।

ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों का शोषण, डस्ट से परेशान ग्रामीण

राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को भेजेंगे शिकायत, शिकायत के बाद जागा विभाग कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

औद्योगिक क्षेत्र में संचालित कंपनियों में लगभग 90% कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा है। आरोप हैं कि श्रम नियमों को दरकिनार कर ठेकेदार श्रमिकों से सुरक्षा उपकरणों के बिना 8 की जगह 12 घंटे काम ले रहे हैं। इसके साथ ही एरियर, बोनस और पीएफ के भुगतान में भी व्यापक धांधली की शिकायतें सामने आ रही हैं। सीमेंट शीट व टायर निर्माण से जुड़ी कंपनियों में श्रमिकों का सर्वाधिक शोषण हो रहा है,जिसकी शिकायतें सीएम हेल्पलाइन और श्रम विभाग के उच्च अधिकारियों तक पहुंची हैं।दूसरी ओर, खेरीतायगांव क्षेत्र में संचालित 2 कंपनियों की चिमनियों से निकलने वाली जहरीली डस्ट ग्रामीणों के घरों, रसोई और पीने के पानी तक पहुंच रही है। ग्रामीण किशोर भुजबल व स्थानीय निवासियों ने प्रदूषण विभाग एवं प्रशासन से कई बार शिकायत की, लॉकन अब तक कोइ ठोस कारवाइ नहीं हुई है। इससे बच्चों और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।कइ कंपानयों में ठेकदारों के द्वारा कामगारों के एरिया का भुगतान नहीं किया जा रहा है।श्रम विभाग के आधिकारियों के द्वारा ठेकदारों के दस्तावेजों की जांच करने की मांग भी कामगारों के द्वारा की जा रही है।

कलेक्टर के निर्देश पर हुआ एरियर का भुगतान



हाल ही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देश पर श्रम विभाग ने जांच शुरू की है। निरीक्षण के दौरान बोरगांव स्थित 'सफल फूड्स' में श्रमिकों को तय न्यूनतम वेतन से कम भुगतान दिए जाने का मामला पकड़ा गया।श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू की कार्रवाई के बाद संस्थान के ठेकेदारों से श्रमिकों को पिछले एक वर्ष के एरियर (वेतन अंतर राशि) के रूप में 4,26,256 का भुगतान कराया गया। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि मुख्य नियोजक ठेकेदारों को पूरा बजट दे रहे हैं, इसलिए ठेकेदारों को हर हाल में शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन और वैधानिक लाभ श्रमिकों को देने होंगे। विभाग ने श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु आगे भी सख्त निरीक्षण जारी रखने की चेतावनी दी है।चर्चा के दौरान चिमनियों से निकल रही जहरीले डस्ट से परेशान ग्रामीण किशोर भुजबल ने बताया कि बार-बार शिकायतें करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। चिमनियों से निकलने वाली जहरीली डस्ट हरदिन हमारे घरों में आ रही है। अब ग्रामीणों के साथ में मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को पत्राचार एवं शिकायत की जाएगी।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने डिप्टी रेंजर को मारी टक्कर, हालत गंभीर, नागपुर रेफर करने की तैयारी



पांढुर्णा। शहर के घनपेठ बाईपास पर एक भीषण सड़क हादसे में ड्यूटी पर जा रहे डिप्टी रेंजर गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार की जोरदार टक्कर से उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल अधिकारी को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नागपुर रेफर किया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार, संतोषी माता वार्ड निवासी संजय कुमार पवार 52 वर्ष ग्राम टेमनी कला में फॉरेस्ट विभाग में डिप्टी रेंजर के पद पर पदस्थ हैं। वे सुबह लगभग 11:00 से 11:30 बजे के बीच अपनी मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान घनपेठ बाईपास पर सामने से आ रही एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो कार ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि डिप्टी रेंजर संजय कुमार पवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे को देखकर मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत पुलिस आपातकालीन सेवा डायल 112 को सूचना दी और एम्बुलेंस की मदद से घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, घायल अधिकारी के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं और उनका प्राथमिक इलाज जारी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें नागपुर रेफर किया जाएगा।

कलेक्टर जिला अधिकारियों के साथ चुरी साजवा पहुंचे, शासकीय संस्थाओं का किया निरीक्षण



छिन्दवाड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समाधान और शासकीय सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायण, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे सहित जिला अधिकारियों की टीम के साथ विकासखंड हर्रई की ग्राम पंचायत चुरी साजवा पहुंचे। अभियान के 11वें शुक्रवार को कलेक्टर ने क्षेत्र की विभिन्न शासकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन पुल, पुलिस थाना और उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित जनसंवाद एवं जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शासकीय संस्थाओं और निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण - कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे के साथ सबसे पहले पुलिस थाना धनौरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं, रजिस्टर, रोजनामचा सहित विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया और थाना संचालन की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद कलेक्टर ने बटकाखापा से आचलकुंड मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत कुदनी नदी पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने उप स्वास्थ्य केंद्र चुरी साजवा का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित एएनएम से बच्चों के नियमित टीकाकरण की स्थिति, टीकाकरण कार्यक्रम के क्रियान्वयन तथा ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को निर्धारित समय पर टीके लगाए जाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एएनएम ने बताया कि पिछले दिनों गांव में मलेरिया का एक प्रकरण सामने आया था। इस पर कलेक्टर ने पूरे गांव में मलेरिया की सैंपलिंग कराने के निर्देश दिए, ताकि संभावित संक्रमित मरीजों की पहचान कर आवश्यक उपचार और बचाव की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने ग्रामीणों को मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में सर्पदंश से बचाव एवं जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाने के निर्देश दिए जिससे ग्रामीणों को सर्पदंश की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों और समय पर उपचार लेने के महत्व की जानकारी मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाए रखने तथा ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जनसंवाद शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

विभिन्न शासकीय संस्थाओं के निरीक्षण के बाद कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे सहित जिला अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत चुरी साजवा परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के जनसंवाद एवं जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। शिविर में अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह भी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं विधायक श्री शाह ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, नल-जल योजना, नल कनेक्शन, विद्युत ट्रांसफार्मर और अवैध कब्जे से संबंधित समस्याएं रखीं। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने और शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसंवाद शिविर में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। ग्राम बटकाखापा के शिकायतकर्ता श्री मोनू की ऑनलाइन खसरा अपडेट से संबंधित शिकायत के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिकायत का सही तरीके से निराकरण करने के बजाय प्रक्रिया को और जटिल बनाया गया इस मामले में अलग-अलग स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत हर्रई, नायब तहसीलदार बटकाखापा, ग्राम पंचायत सचिव बटकाखापा और सरपंच बटकाखापा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

विराट 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा निकली जल मंगल कलश शोभा यात्रा



हरिभूमि न्यूज हर्रई। हर्रई में भव्य जल मंगल कलश, शोभा यात्रा एवं प्रज्ञा पुराण कथा संकीर्तन यज्ञ का शुभारंभ, पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भव्य और दिव्य शोभा यात्रा निकली जो आकर्षण का केंद्र रही। धार्मिक ऊर्जा और अटूट श्रद्धा का एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। नगर एवं , क्षेत्र की शांति जन-कल्याण की मंगल भावना को लेकर समस्त मातृशक्ति संगठन के सयुंक्त तत्वावधान में चार दिवसीय भव्य विराट 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा। दिनांक 22 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक । गांधी चौक छोटी बाजार हर्रई में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में। गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ ।समूचे महिला मातृशक्ति ने एकजुट होकर इतने विशाल आध्यात्मिक अनुष्ठान की कमान अपने हाथों में ली । कथा के प्रथम दिन । गांधी चौक से भव्य एवं दिव्य मंगल कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। पारंपरिक वेशभूषा (पीले और केसरिया परिधानों) में सजी सैकड़ों मातृशक्तियां सिर पर पवित्र मंगल जल कलश धारण कर जब कतारबद्ध होकर निकलीं, तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो हर्रई, नगर की सड़कों पर भक्ति की साक्षात गंगा उतर आई हो। विशाल मंगल कलश शोभा यात्रा हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई।

खदान की मिट्टी से नदी का विस्तार हो रहा कम

सफाई करने और मिट्टी डंपिंग बंद करने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

ग्राम पंचायत दीघावानी सरपंच बबिता जायसवाल और जनपद सदस्य रूपेश नागवंशी के द्वारा छिंदा में स्थित पेंच नदी की सफाई और मिट्टी डंपिंग बंद करने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है । वहीं वेकोलि प्रबंधन द्वारा नदी की सफाई नहीं होने और डंपिंग बंद नहीं किए जाने की स्थिति में कोयला परिवहन रोकने की चेतावनी दी गई है ।गौरतलब है , कि पेंच कोयला क्षेत्र प्रबंधन के द्वारा वर्ष 2019 - 20 के दौरान सेठिया ओपन कास्ट कोयला खदान चलाई गई थी । इस दौरान खदान से निकलने वाली मिट्टी बड़ी मात्रा में पेंच नदी पर डंप की गई । वहीं ट्रकों की आवाजाही के लिए नदी पर ही कच्चा पुल बनवाया गया था । जिसको लेकर एन जी टी विभाग से शिकायत भी हुई थी । अब इस पुल के चलते नदी में गंदगी पसरी हुई है और वर्तमान में भी छिंदा ओपन कास्ट से निकलने वाली मिट्टी को नदी में ही डंप किया जा रहा है । जिसके चलते नदी का विस्तार भी कम हो गया है । दीघावानी सरपंच के पति दीपक जायसवाल और जनपद सदस्य रूपेश नागवंशी ने बताया , कि पेंच नदी दीघावानी और छिंदा सेठिया क्षेत्र को जोड़ती है । यहां के लोग तीज त्योहारों में इसी नदी के घाट पर अपने धार्मिक कार्यक्रम संपन्न करते हैं । वेकोलि प्रबंधन की लापरवाही और केवल कोयला उत्पादन की धुन के चलते नदी में ही लगातार मिट्टी डंपिंग कराई जा रही है । जिससे लोगों को तीज त्योहारों के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । अभी आगामी समय में छठ का त्यौहार आने वाला है । जिसे एक विशाल रूप से कोयलांचल क्षेत्र में मनाया जाता है । ऐसी स्थिति में नदी में फैली अवस्थाएं धार्मिक आयोजनों में बाधा बनेगी । जिसके चलते एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर कहा गया है , कि वेकोलि प्रबंधन से नदी की सफाई कराई जाए और जो मिट्टी डंप की जा रही है उसे बंद कराया जाए । यदि ऐसा नहीं होता है , तो स्थानीय लोगों के साथ कोयला परिवहन रोका जाएगा ।

नपा अध्यक्ष व सीएमओ ने किया निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण

जुन्नारदेव। नगर के वार्ड क्रमांक 10 में अमृत 2.0 अभियान के अंतर्गत 7.5 लाख लीटर की पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माणाधीन टंकी की गुणवत्ता और निर्माण कार्य की जांच करने शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, एवं नगर पालिका सीएमओ नेहा धुर्वे पहुंची जहां पर ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता पूर्वक सामग्री का उपयोग करने के साथ-साथ निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नपा अध्यक्ष व सीएमओ द्वारा निर्माणाधीन सब्जी मंडी शॉपिंग कंपलेक्स के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

कटेधरा के मरघट तालाब में तैरता मिला शव
खजरी निवासी दो बच्ची के पिता की डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज कटंगी। थाना क्षेत्र के ग्राम कटेधरा के मरघट तालाब में शुक्रवार 23 अक्टूबर की सुबह एक व्यक्ति का शव पानी में तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान ग्राम खजरी, कोलिया टोला निवासी लक्ष्मीनारायण पिता उदाजी शरणागत उम्र 44 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मीनारायण 22 अक्टूबर की शाम से लापता था। परिजन रात भर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे गांव के लोगों ने तालाब में शव तैरते हुए देखा तो सरपंच सुरेंद्र राहंगडाले को सूचना दी। सरपंच ने तत्काल कटंगी थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कटंगी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को तालाब से बाहर निकाला गया और पंचनामा कार्रवाई की गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल कटंगी भेजा। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। तालाब के किनारे मृतक की चप्पल भी बरामद की गई हैं मृतक की दो पुत्री है। प्रारंभिक जांच में इसे हादसा माना जा रहा है। परिजनों और पुलिस का मानना है कि लक्ष्मीनारायण शौच के लिए तालाब किनारे गया होगा, जहां पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

वारा में घर के आंगन से बाइक चोरी, सुबह उठे तो गायब मिला वाहन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटनाएं सामने आने लगी हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत वारा का है, जहां अज्ञात चोर देर रात घर के आंगन में खड़ी दोपहिया वाहन को चुराकर ले गए। घटना के बाद वाहन मालिक ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसारए ग्राम पंचायत वारा निवासी राहुल पटले ने अपनी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एम पी 50 एमपी 2165 को अपने निवास के आंगन में खड़ा किया था। देर रात अज्ञात चोर उनके घर के आंगन से मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। सुबह जब राहुल पटले सोकर उठे और आंगन में देखा, तो उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चला। इसके बाद राहुल पटले चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस चोरी गए वाहन का पता लगाने और आरोपी तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है।

मातृ शक्तियों ने बंजारी माता को श्रृंगार सामग्री भेंट की



वारासिवनी। ड्रीम वूमेंस फाउंडेशन की मातृ शक्तियों ने बंजारी माता मंदिर जाकर गुरुवार को अपने ग्रुप के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर माता रानी को श्रृंगार सामग्री भेंट की और बच्चों को उपहार प्रदान किए। ड्रीम वूमेंस फाउंडेशन की अध्यक्ष वर्षा सोनी ने बताया कि इस फाउंडेशन ग्रुप का गठन समाज सेवा के लिए किया गया था और इसमें सिर्फ महिलाएँ शामिल है। इस ग्रुप के द्वारा अभी तक अनेंक समाजसेवा के कार्य किए गए है। गुरुवार को इस ग्रुप के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सभी सदस्यों ने बंजारी माता मंदिर में जाकर माता रानी के चरणों में शीश झुकाया और उनके चरणों में सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की। इसके साथ ही बच्चों को उपहार भी प्रदान किए गए।

जल जीवन मिशन में अनोखा फर्जीवाड़ा

कागजों पर 418 नल, सूची में 15 फर्जी मुस्लिम नाम, हकीकत में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज कटंगी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को घर पर ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। योजना के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 55 लीटर पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत देवथाना में इस योजना की जमीनी हकीकत सरकारी दावों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। विभागीय आंकड़ों में गांव के 418 घरों में नल कनेक्शन लगाए जाने का दावा किया गया है। गांव को रिपोर्टेड गांव की श्रेणी में भी शामिल कर लिया गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि उनके घरों में नलों से पानी नहीं पहुंच रहा है। देवथाना में पिछले कई महीनों से योजना बंद होने की बात सामने आई है, जबकि चंबुटोला के ग्रामीणों के अनुसार टेस्टिंग के दौरान भी केवल एक बार पानी आया था। यहां मामला केवल अधूरे जलापूर्ति कार्य तक सीमित नहीं है। विभागीय पोर्टल पर दर्ज हितग्राहियों की सूची में कई ऐसे नाम भी सामने आए हैं, जो स्थानीय स्तर पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। सरपंच गोपीचंद राणा के अनुसार देवथाना में एक भी मुस्लिम परिवार निवास नहीं करता, इसके बावजूद विभागीय सूची में मुस्लिम नामों वाले कई हितग्राहियों को नल कनेक्शन दिए जाने का विवरण दर्ज है। कुछ अन्य हितग्राहियों के पिता के नाम के स्थान पर केवल 'एसएस' लिखा हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि हितग्राहियों का सत्यापन किस आधार पर किया गया, नल कनेक्शन की स्थिति की पुष्टि किसने की और जब घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा, तो योजना को रिपोर्टेड गांव की श्रेणी में शामिल करने की प्रक्रिया किन तथ्यों के आधार पर पूरी हुई? यह मामला जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन, विभागीय निगरानी, निर्माण एजेंसी की जवाबदेही और सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता की पड़ताल की मांग करता है।

418 घरों में नल कनेक्शन का दावा: विभागीय आंकड़ों के अनुसार देवथाना में कुल 418 परिवारों को नल कनेक्शन दिए जाने का विवरण दर्ज है। इनमें ग्राम देवथाना में 199, आमाटोला में 94, चंबुटोला में 100 और आवास टोला में 25 परिवार शामिल हैं। इस तरह विभागीय रिकॉर्ड में बड़ी संख्या में घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने की तस्वीर प्रस्तुत की गई है। देवथाना और चंबुटोला के ग्रामीणों की शिकायतें बताती हैं कि कनेक्शन लगाए जाने और जलापूर्ति शुरू होने के बीच बड़ा अंतर है। ग्रामीणों के घरों के सामने पाइप दिखाई देते हैं। कई जगह पाइप में सीधे टोटी लगा दी गई है, जबकि कुछ स्थानों पर नल के स्टैंड भी बनाए गए हैं। लेकिन इन व्यवस्थाओं के बावजूद परिवारों को पेयजल के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि यदि पानी ही नहीं मिल रहा, तो केवल नल कनेक्शन लगा देने को योजना की सफलता कैसे माना जा सकता है?

'रिपोर्टेड गांव' और इसलिए उठ रहे सवाल ?: जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में 'रिपोर्टेड' और 'हर घर जल प्रमाणित' होने के बीच अंतर समझना जरूरी है। रिपोर्टेड गांव वह होता है, जिसके संबंध में संबंधित विभाग पोर्टल पर निर्धारित कार्य और घरेलू नल कनेक्शन संबंधी प्रगति दर्ज करता है। इसके बाद गांव में जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति की पुष्टि और ग्राम सभा की प्रक्रिया महत्वपूर्ण होती है। लागू दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्राम सभा का प्रस्ताव और निर्धारित सत्यापन पूरा होने पर गांव को 'हर घर जल' प्रमाणित किए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ती है। इसलिए किसी गांव का रिपोर्टेड दर्ज होना अपने आप में इस बात का अंतिम प्रमाण नहीं है कि प्रत्येक घर में नियमित पानी पहुंच रहा है। इसके लिए कार्यशील कनेक्शन, जलापूर्ति की उपलब्धता और निर्धारित सत्यापन की स्थिति की जांच आवश्यक है। देवथाना को रिपोर्टेड गांव में शामिल किए जाने के बावजूद ग्रामीणों का पानी के लिए परेशान होना इसी अंतर को सामने लाता है। यदि विभाग ने केवल पाइपलाइन और नल कनेक्शन लगाने के आधार पर प्रगति दर्ज की है, तो यह देखना होगा कि जलापूर्ति शुरू होने की पुष्टि किस स्तर पर की गई। वहीं यदि योजना के सुचारू संचालन का दावा किया गया है, तो ग्रामीणों की शिकायतों के बीच उस दावे की स्वतंत्र जांच जरूरी हो जाती है।

हितग्राहियों की सूची में दर्ज नामों ने बढ़ाई उलझन: हमारी पड़ताल का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू हितग्राहियों की सूची है। स्थानीय सरपंच गोपीचंद राणा के अनुसार गांव में एक भी मुस्लिम परिवार निवास नहीं करता। इसके विपरीत विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध सूची में कई मुस्लिम नामों वाले हितग्राहियों के नाम दर्ज होने की बात सामने आई है। इस विरोधाभास की जांच जरूरी है, क्योंकि सार्वजनिक धन से संचालित योजना में लाभार्थियों का सही विवरण और वास्तविक घरों तक कनेक्शन पहुंचना दोनों महत्वपूर्ण हैं। विभागीय सूची में आमाटोला के निवासी के रूप में शाकिर अली पिता महबूल अली, नरगिस शेख पति असलम, मोहम्मद अली पिता इब्राहिम और मोहम्मद अय्यूब इसराइल खान के नाम दर्ज बताए गए हैं। मोहम्मद अय्यूब इसराइल खान के मामले में पिता के नाम के स्थान पर 'एसएस' लिखा है। इसी प्रकार मोहम्मद यासिन और मोहम्मद वाहिद के पिता के नाम के आगे याकूब दर्ज है। किसवर सुल्ताना पति अली मुल्ला, जाकिर अली मोहम्मद अली, हलीमुन्नुनिशा खान पिता हासिन, असमा बी पति 'एसएस', अलीम उल्ला खान पिता शमी उल्ला, अकरम शेख पिता उसमान और अनीश अहमद खान पिता 'एसएस' के नाम भी आमाटोला के निवासी के रूप में दर्ज बताए गए हैं। वहीं आयसा पति फजील अहमद के नाम के साथ देवथाना का पता दर्ज है।

रेत माफियाओं पर खनिज विभाग का शिकंजा, परसोडी नदी से रेत से भरे दो ट्रैक्टर जब्त

लांजी क्षेत्र में बिना ठेका-टेंडर के अवैध उत्खनन और परिवहन के आरोप, अधिकारियों की रेकी कर ट्रैक्टरों को पहले ही हटाने की शिकायत; रात में महाराष्ट्र तक पहुंच रही रेत, ग्रामीणों ने नियमित गश्त की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी।



बालाघाट जिले के लांजी क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि क्षेत्र की नदियों से नियमों को दरकिनार कर रेत निकाली जा रही है, जिससे शासन को राजस्व की हानि होने की आशंका है। एक ओर खनिज विभाग अवैध उत्खनन रोकने के लिए कार्रवाई कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कथित रेत माफिया कार्रवाई से बचने के लिए निगरानी रखने और अधिकारियों की गतिविधियों की जानकारी जुटाने के तरीके अपना रहे हैं। इसी बीच लगातार मिल रही शिकायतों के बाद 23 अक्टूबर को खनिज विभाग की टीम ने लांजी तहसील के ग्राम परसोडी नदी घाट पर कार्रवाई करते हुए रेत से भरे दो ट्रैक्टर जब्त किए। दोनों ट्रैक्टरों के चालक मौके से फरार हो गए। जब्त वाहनों को लांजी थाना पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग द्वारा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय स्तर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, लांजी क्षेत्र में केवल दो रेत घाट स्वीकृत बताए जा रहे हैं, लेकिन फिलहाल इन घाटों के ठेके या टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं होने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद क्षेत्र की विभिन्न नदियों और घाटों से रेत का उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब विधिवत ठेका या अनुमति नहीं है, तो नदी घाटों से रेत निकालने और उसे दूसरे स्थानों तक पहुंचाने का काम किसके संरक्षण या अनुमति से किया जा रहा है?रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक है कि खनिज विभाग स्वीकृत घाटों की स्थिति, ठेका प्रक्रिया, उत्खनन की अनुमति और परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच करे। यदि बिना वैध अनुमति के रेत निकाली जा रही है, तो संबंधित व्यक्तियों और वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बालाघाट खनिज अधिकारी फरहत जहां के आदेश पर 23 अक्टूबर को खनिज विभाग की टीम लांजी तहसील के ग्राम परसोडी नदी घाट पहुंची। यहां टीम ने कार्रवाई करते हुए रेत से भरे दो ट्रैक्टर जब्त किए। कार्रवाई के दौरान दोनों ट्रैक्टरों के चालक मौके से फरार हो गए। इसके बाद विभागीय टीम जब्त वाहनों को लेकर लांजी थाना पहुंची, जहां उन्हें पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया।बताया जा रहा है कि विभागीय टीम के पहुंचने से पहले नदी के भीतर से पानी के बीच रेत खींचकर किनारे लाने में इस्तेमाल होने वाला फावड़ा लगा ट्रैक्टर मौके से गायब हो गया। इससे आशंका जताई जा रही है कि कार्रवाई की सूचना मिलने के बाद कुछ वाहन मौके से हटा दिए गए होंगे।

रेत के कथित अवैध परिवहन का असर केवल नदी और सरकारी राजस्व तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों ने शिकायत की है कि रात के समय रेत से भरे ट्रैक्टर तेज रफ्तार से गांवों के रास्तों से गुजरते हैं। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।ग्रामीणों के अनुसार, देर रात ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही और तेज गति के कारण लोगों का सोना मुश्किल हो जाता है। गांवों के भीतर से भारी मात्रा में रेत लेकर गुजरने वाले वाहनों पर नियंत्रण नहीं होने से बच्चों, बुजुर्गों और अन्य राहगीरों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है।

खबर संक्षेप

पॉलिटेक्निक कॉलेज सिवनी में युवा सृजन - जन सुरक्षा संवाद कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में आज पॉलिटेक्निक कॉलेज सिवनी में जन सुरक्षा - युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था प्रमुख प्रो. आर.के. दुबे के कर-कमलों से माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन वासनिक एवं प्रभारी कंट्रोल रूम निरीक्षक श्री ओमेश्वर ठाकरे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 उत्साहित छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता निरीक्षक श्री ओमेश्वर ठाकरे द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर निम्न विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई

सतपुड़ा आईटीआई मे ओपन कैम्पस के माध्यम से 13 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सतपुड़ा आईटीआई मे देश की जानी मानी कंपनी टाटा मोटर्स द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 40 अभ्यार्थी शामिल हुए. जिसमे योग्यता और इंटरव्यू के माध्यम से 13 अभ्यर्थियों का चयन किया गया. सभी चयनित अभ्यर्थियों को संस्था की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई एवं उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की गई।

सतपुड़ा आईटीआई विगत कई वर्षो से जिले मे संचालित हो रही तकनिकी क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था है आज यहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त किये स्टूडेंट्स कई जानी मानी कम्पनियो मे एवं सरकारी विभाग मे अपनी सेवाएं दे रहे है संस्था निरंतर प्रयास करती है सभी स्टूडेंट्स को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध हो ताकी कोई भी बेरोजगार न रहे. समय समय पर ऐसे कैम्पस का आयोजन निरंतर संस्था द्वारा किये जाते रहेंगे।

महेंद्र राय बनाए गए शिवसेना के जिला महासचिव



हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले में शिवसेना की जिला कार्यकारिणी में महेंद्र राय को जिला महासचिव बनाए जाने पर इनके शुभचिंतक व मित्रगणों में हर्ष व्याप्त है। हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के आशीर्वाद से शिवसेना पार्टी के प्रमुख नेता एवं महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेशानुसार मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजीव चतुर्वेदी की सहमति से शिवसेना पार्टी सिवनी जिला अध्यक्ष श्रवण डेहरिया की अनुशंसा पर महेंद्र राय बरघाट को शिवसेना पार्टी जिला सिवनी का महासचिव बनाया गया है। इनके जिला महासचिव बनाए जाने से संगठन को मजबूती मिलेगी। जिला महासचिव बनाए जाने पर इनके शुभचिंतको मे हर्ष व्याप्त है।

नल-जल योजना के कुएं के पास नाले से धड़ल्ले से हो रहा सिंचाई का खेल

केवलारी (सिवनी)। सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत बड़ी ग्राम पंचायत छींदा में नल-जल योजना के कुएं के पास स्थित नाले से सिंचाई मोटरों के जरिए पानी का कथित रूप से अंधाधुंध उपयोग किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पंचायत द्वारा केवल मुनादी कराकर अपनी जिम्मेदारी निभाई जा रही है, जबकि अवैध रूप से संचालित सिंचाई मोटरों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस को लिखित आवेदन नहीं दिया जा रहा है। इससे ग्रामवासियों के सामने गर्मी के दिनों में पेयजल संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है।

छींदा पंचायत की मुनादी बेअसर, घटने लगा पेयजल कुएं का जलस्तर अवैध मोटरों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को लिखित आवेदन देने की मांग

पिछले वर्ष भी सामने आई थी पेयजल संकट की स्थिति

जानकारी के अनुसार गत वर्ष भी ग्राम पंचायत छींदा में नल-जल योजना के कुएं के पास नाले से संचालित सिंचाई मोटरों के मामले में कार्रवाई की गई थी। हालांकि, आरोप है कि नाला सूखने के बाद ही दिखावे की कार्रवाई हुई। उस समय नल-जल योजना के कुएं में नाममात्र का पेयजल शेष रह गया था और ग्रामीणों के लिए पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी थी। अब एक बार फिर इसी तरह की स्थिति बनने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

शाम से पूरी रात मोटर चलने की चर्चा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत के वर्तमान एवं पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों सहित कुछ किसानों पर संध्या समय से पूरी रात नाले से मोटर लगाकर सिंचाई करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि नल-जल योजना के कुएं के पास नाले से लगातार पानी निकाले जाने के कारण पेयजल स्रोत पर दबाव बढ़ रहा है। वहीं एक जानकार व्यक्ति के अनुसार, वर्तमान में नल-जल योजना के कुएं का जलस्तर कम होने लगा है। हालांकि, जलस्तर में गिरावट की वास्तविक वजह की पुष्टि संबंधित विभाग द्वारा जांच के बाद ही हो सकेगी।



पंचायत की मुनादी पर उठ रहे सवाल

ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखते हुए अवैध रूप से संचालित सिंचाई मोटरों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग उठ रही है। सवाल यह है कि यदि नाले से सिंचाई के कारण नल-जल योजना के कुएं के जलस्तर पर असर पड़ रहा है, तो केवल मुनादी कराने तक सीमित रहने के बजाय संबंधित अधिकारियों के समक्ष लिखित शिकायत क्यों नहीं की जा रही है?

ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। ऐसे में प्रशासन और पुलिस को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए।

उपसरपंच की भूमिका को लेकर भी आरोप

ग्राम पंचायत छींदा में सरपंच श्रीमती सियाबाई पति रामप्रसाद उइके, उपसरपंच राजकुमार उर्फ बम्बू यादव, अतिरिक्त प्रभार वाले सचिव मनोहर ठाकुर तथा सहायक सचिव रुपेश शर्मा पदस्थ हैं। जानकारी के अनुसार, सचिव मनोहर ठाकुर मूल रूप से ग्राम पंचायत सुकतरा के सचिव हैं और छींदा पंचायत का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। समाचार में सामने आए आरोपों के अनुसार पंचायत में उपसरपंच राजकुमार यादव उर्फ बम्बू यादव की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि वे ठेके पर जमीन लेकर खेती करते हैं और स्वयं भी नल-जल योजना के कुएं के पास नाले से मोटर लगाकर सिंचाई करते हैं। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि उनके कथित संरक्षण के कारण अन्य किसान भी नाले से मोटर लगाकर सिंचाई कर रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। संबंधित जनप्रतिनिधियों का पक्ष सामने आने पर उसे भी समाचार में शामिल किया जाना चाहिए।

पेयजल उपभोक्ताओं के हित में कार्रवाई की मांग

ग्राम छींदा के नल-जल योजना के उपभोक्ताओं को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मांग उठ रही है कि नाले से अवैध रूप से संचालित सिंचाई मोटरों की जांच कराई जाए। यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों के हित में यह आवश्यक है कि पंचायत, पुलिस और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी मामले को गंभीरता से लें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामवासियों को गर्मी के दिनों में भी पेयजल उपलब्ध हो सके।

बरघाट में नगर परिषद के वार्डों और सीमा विस्तार प्रस्ताव का पार्षदों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭। बरघाट

नगर परिषद बरघाट में आज एक विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया जिसका विषय था कि आगामी 2027 नगरीय निकाय चुनाव के दौरान प्रस्तावित सीमा वृद्धि, वार्डों की संख्या, परिसीमन और आरक्षण में बदलाव के प्रस्ताव रखा गया था जिसका पार्षदों ने भारी विरोध किया। इस संबंध में विकास मोर्चा के सभी सात पार्षदों एवं कांग्रेस पार्टी के तीनों पार्षदों द्वारा लिखित आपत्ति दर्ज कराई गई है, जिसमें इस प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं।

लिखित आपत्ति में कहा गया है कि यह प्रस्तावित बदलाव जनगणना संबंधी निर्देशों, लागू वैधानिक प्रावधानों और लोकतांत्रिक निष्पक्षता की अनदेखी करके किया जा रहा है। विरोध पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि जनगणना की प्रक्रिया जारी रहने और जिले, तहसील, नगर, ग्राम, वार्ड की सीमाओं के भारत के जनगणना आयुक्त द्वारा लांक रखें जाने की अवधि के बीच यह प्रस्ताव की पहल गंभीर आपत्तियो को जन्म देती है। नगर परिषद में अधिकत्म वार्डो की संख्या 15 शासन से निर्धारित है इसलिए संख्या में परिवर्तन का प्रस्ताव अज्ञानता का परिचायक ही नहीं हास्यास्पद भी है इस प्रस्ताव का सीधा प्रभाव स्थानीय प्रतिनिधित्व पर पड़ेगा इसलिए ऐसी प्रक्रिया मनमाने ढंग से आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। नगर को राजनीतिक लाभ हानि का साधन बिल्कुल नहीं बनने दिया जाएगा बरघाट के राजनीतिक समीकरण को प्रभावित करने वाली अनुचित प्रकिया का हम विरोध करते हैं। नगर परिषद का दायित्व नगर विकास करना है नागरिकों के हितों की रक्षा करना है जब तक सभी कानूनी और लोकतांत्रिक मानदंडों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक इस प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए।

पार्षदों ने अपनी आपत्ति में दृढ़ता से कहा बरघाट नगर के हितों, लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व और चुनावी निष्पक्षता के साथ किसी भी प्रकार का अनुचित हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। भाजपा के चार पार्षदों को छोडक़र के श्रीमती सुधा रामसिंह कंगाली, बाबर खान, श्रीमती रूचिका राकेश वासनिक, अभिलाष मालवी, जितेन्द्र सिंगारे, श्रीमती संगीता रंजीत वासनिक, श्रीमती साक्षी ढालसिंह बिसेन, श्रीमती संध्या अनिल ठाकुर, श्रीमती किरण नीरज सूर्यवंशी, श्रीमती निधी ऋषभ जायसवाल पार्षदों ने प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया और इसे वापस लेने की माँग पर दृढ़ रहने की बात कही।यह आपत्ति 23 अक्टूबर 2026 को बरघाट नगर परिषद बैठक में दर्ज कराई गई।

महिलाओं ने अवैध शराब की बिक्री के विरोध में लखनादौन-मंडला स्टेट हाईवे 33 पर लगाया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭।सिवनी।

सिवनी जिले के मेहता गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे महिलाओं ने अवैध शराब की बिक्री के विरोध में लखनादौन-मंडला स्टेट हाईवे 33 पर चक्काजाम कर दिया। महिलाओं ने गांवों में शराब की सप्लाई रोकने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया की समझाइश के बाद जाम खोल दिया गया।मेहता और आसपास के गांवों से आई महिलाओं का आरोप है कि क्षेत्र की शराब दुकान से गांव-गांव तक शराब पहुंचाई जा रही है। उनका कहना है कि शराब पीने से घरों में विवाद होते हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और परिवार के अन्य सदस्यों को परेशानी होती है।



नियमित निगरानी की मांग

महिलाओं ने प्रशासन से अवैध शराब की आपूर्ति रोकने और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना था कि केवल शिकायत दर्ज करने के बजाय नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई की जरूरत है।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। महिलाओं से बातचीत और समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और हाईवे पर यातायात बहाल हो गया।

कार्रवाई के आश्वासन की मांग

चक्काजाम के दौरान महिलाओं ने अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाते हुए शराब की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण की मांग उठाई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया ने महिलाओं से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और यातायात बहाल हो गया।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत नपा अध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ गुरुनानक वार्ड में भ्रमण कर सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭।सिवनी।



आज दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को सिवनी नगरीय क्षेत्र के गुरुनानक वार्ड क्रमांक 09 में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा वार्ड पार्षद राजिक अकील के साथ वार्ड में भ्रमण कर वार्ड के नागरिको की समस्याओं को सुना एवं उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश निकाय की संबंधित शाखा प्रभारी को दिये गये। विदित होवे कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में समूचे मध्यप्रदेश में यह अभियान संचालित है शासन आदेश के परिपालन में नगरपालिका सिवनी में इस अभियान को चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनकल्याण अंतर्गत क्षेत्रों में भ्रमण कर निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय जन कल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना है। सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई जन आवेदन में प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण करना है। भ्रमण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा वार्ड में स्वच्छता के लिये जनजागरूकता अभियान चलाया गया एवं वार्ड के नागरिको को खुले स्थानों, खाली प्लाटों एवं नालियो में कचरा न फेकने, गंदगी न करने की समझाईश दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका सहायक यंत्री श्रीमति देवेश्वरी धुर्वे,राजस्व निरीक्षक गजेन्द्र पाण्डे, उपयंत्री ,श्रीमति रोजिया डोंगरे, जोतेश मंडाले, विकास मेहरा सहित निकाय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कैल्शियम कार्बाइड के अवैध उपयोग पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने किए प्रतिबंधात्मक आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭।सिवनी।

जिले में जनसुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नेहा मीना ने कैल्शियम कार्बाइड के अनधिकृत उपयोग, भंडारण एवं विक्रय तथा इससे 'कार्बाइड गन' जैसे घातक उपकरणों के निर्माण एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नीलमणी अग्निहोत्री द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है, जिसे कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना द्वारा अनुमोदित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना द्वारा अनुमोदित आदेश के अनुसार सिवनी जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग कर 'कार्बाइड गन' अथवा किसी भी प्रकार के अवैध घातक विस्फोटक उपकरण का निर्माण, बिक्री, परिवहन एवं प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

आदेश में कहा गया है कि कैल्शियम कार्बाइड अत्यंत संवेदनशील, अत्यधिक ज्वलनशील एवं विस्फोटक रसायन है। इसके अनाधिकृत उपयोग एवं भंडारण से जन-धन की गंभीर हानि के साथ शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना रहती है। बिना वैध लाइसेंस अथवा अनुमति के कैल्शियम कार्बाइड का भंडारण नहीं किया जा सकेगा। 500 किलोग्राम से अधिक मात्रा में अथवा अनाधिकृत रूप से इसका भंडारण तथा खुले रूप में विक्रय भी प्रतिबंधित रहेगा। वैध लाइसेंसधारी विक्रेताओं को बिना पहचान पत्र के किसी अज्ञात व्यक्ति को कैल्शियम कार्बाइड का विक्रय नहीं करने तथा प्रतिदिन के क्रय-विक्रय का रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा संस्थान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 एवं पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 60 दिनों तक प्रभावशील रहेगा।

सार्वजनिक महाकाली उत्सव समिति द्वारा 25 को होगा विशाल इनामी कूपन लकी ड्रॉ

हरिभूमि न्यूज ⏭।सिवनी।

गायत्री मंदिर के पास शास्त्री वार्ड, बारापत्थर में होगा आयोजन, प्रथम पुरस्कार में स्कूटी सहित मिलेंगे आकर्षक उपहार

सार्वजनिक महाकाली उत्सव समिति, गायत्री मंदिर सिवनी द्वारा 25 अक्टूबर 2026, रविवार को विशाल इनामी कूपन लकी ड्रॉ का आयोजन किया जाएगा। आयोजन गायत्री मंदिर के पास, शास्त्री वार्ड, बारापत्थर, सिवनी में किया जाएगा। समिति द्वारा आयोजित इस लकी ड्रॉ को लेकर आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है।



आयोजन के लिए कूपन की कीमत मात्र 100 रुपये निर्धारित की गई है। लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के रूप में स्कूटी, द्वितीय पुरस्कार में सोफा सेट, तृतीय पुरस्कार में अलमारी, चतुर्थ पुरस्कार में एयर कूलर, पांचवें पुरस्कार में ट्रॉली बैग तथा छठवें पुरस्कार में होम थिएटर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सातवें पुरस्कार में तीन बर्नर वाला गैस चूल्हा, आठवें पुरस्कार में मिक्सर-ग्राइंडर और नौवें पुरस्कार में बर्तन स्टैंड दिया जाएगा। वहीं 10वें से 13वें पुरस्कार तक बैग, 14वें से 17वें पुरस्कार तक आयरन तथा 18वें से 21वें पुरस्कार तक वाटर डिस्पेंसर दिए जाएंगे। समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार इनामी कूपन का ड्रॉ 25 अक्टूबर को निकाला जाएगा। पुरस्कारों के डिजाइन, रंग और मॉडल उपलब्धता के अनुसार बदल सकते हैं। पुरस्कार वितरण के संबंध में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। कूपन एवं जानकारी के लिए संपर्क करें 7974022556, 9425848393, 9713001423। समिति ने इच्छुक नागरिकों से आयोजन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर लकी ड्रॉ में भाग लेने की अपील की है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने माना मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का आभार

जिले को मिली करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭।सिवनी।

बुधवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने करोड़ो के विकास कार्यों की सौगात प्रदान करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के प्रति आभार प्रकट किया। ग्राम चावडी से भंडापुर मार्ग पर पुल निर्माण कार्य ग्राम एवं ग्राम पंचायत चावडी जनपद पंचायत सिवनी जिला सिवनी. स्वी.राशि 177 लाख, ग्राम ठरकाखेडा से पिपरिया मार्ग की ठरका नदी पर पुल निर्माण कार्य ग्राम ठरका खेडा ग्राम पंचायत पिपरिया जन-पंचा-सिवनी. स्वी.राशि 199.98 लाख, ग्राम भोगाखेडा से टिकारी मार्ग पर पुल निर्माण कार्य ग्राम एवं ग्राम पंचायत भोगा खेडा जनपद पंचायत सिवनी जिला सिवनी. स्वी.राशि 151.62 लाख ,ग्राम मेहराखापा से माहुलझिर मार्ग पर पुल निर्माण कार्य ग्राम एवं ग्राम पंचायत मेहरा खापा जनपद पंचायत सिवनी जिला सिवनी. स्वी.राशि 156.40 लाख, कार्य एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा शेष कार्य ग्राम पंचायत स्तर से क्रमश गेलरी निर्माण कार्य बड़े मिशन स्कूल सिवनी के पंचायत सिवनी नगर सिवनी .गेलरी निर्माण कार्य बड़े मिशन स्कूल सिवनी के दिशा की ओर नगर सिवनी, महारानी लक्ष्मीबाई शास. कन्या उ.मा.विद्या. सिवनी में जर्जर छत पर प्रोफाइल शीट एवं जर्जर सांस्कृतिक मंच की छत निर्माण कार्य नगर सिवनी प्रोफाइल शेड स्थापना कार्य कार्य बड़े मिशन स्कूल सिवनी के सामने हाल व कमरों नगर सिवनी. सरस्वति शिशु मंदिर बण्डोल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम पंचायत बण्डोल जनपद पंचायत सिवनी जिला सिवनी, ग्राम व पंचायत करकोटी में सामुदायिक भवन निर्माण. ग्राम पंचायत बांकी के दत्तात्रेय मठ में सामुदायिक भवन निर्माण जनपद पंचायत सिवनी जिला सिवनी, ग्राम व पंचायत दिघोरी से घोंटी मार्ग पर स्थित वैनगंगा नदी पर घाट निर्माण कार्य जनपद पंचायत सिवनी जिला सिवनी, ग्राम पंचायत गरठिया में मोक्षधाम से टोरिया तक सी.सी.मार्ग निर्माण कार्य जनपद पंचायत सिवनी जिला सिवनी, ग्राम पंचायत सीलादेही के ग्राम पलारी शनि टेकड़ी में परिक्रमा पथ निर्माण कार्य. जनपद पंचायत सिवनी जिला सिवनी, ग्राम पंचायत बेरीढाना के खेल मैदान में सभामंच एवं गैलरी निर्माण कार्य जनपद पंचायत छपारा जिला सिवनी, ग्राम निवारी ग्राम पंचायत लकवाह में सामुदायिक भवन निर्माण काय.रू, ग्राम व पंचायत रामगढ़ में खेल मैदान एवं गैलरी निर्माण कार्य जनपद पंचायत छपारा. जिला सिवनी, रिटर्निंग वाल सह सी.सी. रोड निर्माण बंधनी मार्ग पर ग्राम एवं ग्राम पंचायत चमारी खुर्द जनपद पंचायत छपारा जिला सिवनी, वाटर रिटर्निंग स्ट्रेचर निर्माण कार्य बीजा देवरी नाला में ग्राम बीजा देवरी एवं ग्राम पंचायत बीजा देवरी जनपद पंचायत छपारा जिला सिवनी, बाउंड्री वाल सह मैदान निर्माण स्कूल परिसर में ग्राम खेरनरा ग्राम पंचायत पीपरढाना जनपद पंचायत छपारा जिला सिवनी, बाउण्ड्रीवॉल सह मैदान निर्माण कार्य माध्यमिक शाला ग्राम माहुलपानी ग्राम पंचायत माहुलपानी जिला सिवनी, बाउंडीबाल पंचायत परिसर में ग्राम एवं ग्राम पंचायत सागर जनपद पंचायत छपारा,जिले की जीवन रेखा मा बेनगंगा के गोल्डन टेम्पल घाट के शमशान घाट क्षेत्र छपारा में प्रोटेक्शन वाल समतली करण कार्य नगर छपारा, वैनगंगा तट रेस्ट हॉउस के पीछे कुआ के पास प्रोटेक्शन सह मैदान निर्माण नगर छपारा , स्नान घाट निर्माण कार्य पुल साईड पुराना पुल के पास छपारा नगर छपारा,स्नान घाट निर्माण कार्य पुराना घाट साईड पुराना पुल के पास नगर छपारा, शमशान घाट तरफ वैनगंगा नदी छपारा में स्नान घाट निर्माण कार्यनगर छपारा , जिले के घन्सोर जनपद में निर्माणाधीन मा नर्मदा परिक्रमा पथ स्थित ग्राम दरोट में नर्मदा परिक्रमा धारियों हेतु निरमाणाधीन सामुदायिक भवन में रिटर्निंग वाल सह मैदान निर्माण एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण दरोट ग्राम पंचायत दरोट जनपद पंचायत घंसौर की स्वीकृति अपनी मुख्यमंत्री अवसंरचना योजना से स्वीकृति प्रदान कराई गई। इसके पूर्व भी मुख्यमंत्री जी ने 4.50 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति प्रदान किया थी।

किसानों को फसल की सुरक्षा हेतु सोलर फेंसिंग मशीन का वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭।सिवनी।



क्षेत्र संचालक महोदय एवं उप संचालक महोदय के मार्गदर्शन में आज ईको विकास समिति थोटामाल एवं कान्हा सागर में विधायक सुजीत चौधरी चौरई विधान सभा क्षेत्र की उपस्थिति में किसानों को उनके फसल की सुरक्षा हेतु 25 सोलर फेंसिंग मशीन का वितरण किया गया है। थोटामाल एवं कान्हाससागार ग्राम पेंच टाईगर रिजर्व के वन्यजीव-बहुल्य बफर क्षेत्र में स्थित है। यहां किसानों को नीलगाय, जंगली सूअर, चीतल, सांभर जैसे वन्यप्राणियों तथा आवारा पशुओं द्वारा फसल रौंदे जाने से भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इससे किसानों को आर्थिक क्षति होती है और वन्यजीव संरक्षण के प्रति नकारात्मक भावना बढ़ती है। ये मशीनें ईको विकास समिति की स्वयं की निधि से क्रय की गई हैं। यह निधि काष्ठ लाभांश तथा पेंच टाईगर रिजर्व के पर्यटन गेट आय से ग्राम को प्राप्त होने वाले अंश से प्राप्त हुई है। यह इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है, कि वन एवं वन्यजीव संरक्षण से स्थानीय ग्रामीणों को सीधा आर्थिक लाभ मिल रहा है। वन अधिकारियों के मार्गदर्शन में ग्राम विकास एवं मानव-वन्यजीव द्वंद्व न्यूनीकरण हेतु ईको विकास समिति, थोटामाल एवं कान्हांसागर की आम सभा में सोलर फेंसिंग इकाइयों के क्रय एवं वितरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था। अब तक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी एवं छिंदवाड़ा अतंर्गत वन परिक्षेत्रों में कुल 1461 सोलर फेसिंग मशीन का वितरण किया जा चुका है, जिसमें कुल 90 ग्रामों के किसानों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है, जिससे वन सीमा से लगे (2922 हेक्ट्यर) कृषि क्षेत्र को सुरक्षा मिली है। सर्वाधिक प्रभावित किसानों को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध रूप से वितरण किया जा रहा है। सोलर फेंसिंग मशीन लगने से रात्रि में होने वाली फसल हानि पर प्रभावी रोक लगी है। इससे फसल उत्पादन में 20 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि होने की सूचना है, जिससे किसानों की आय में सीधी वृद्धि हो रही है

हरिभूमि
सतपुड़ा भूमि
[तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा]

जबलपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026
login : www.haribhoomi.com

डीजे की तेज आवाज पर प्रशासन का शिकंजा, जुर्माना वसूलकर छोड़े वाहन

तेज आवाज में डीजे बजाना पड़ा महंगा, संचालकों पर 10-10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में नवरात्र विसर्जन के बाद जब्त किए गए डीजे वाहनों पर यातायात विभाग ने गुरुवार को चालान किया। डीजे संचालकों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके बाद उन्हें साउंड नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई और वाहन वापस कर दिए गए।

दरअसल, विजयादशमी के जुलूस और बीती रात तेज आवाज में बज रहे डीजे वाहनों को एसडीएम और पुलिस विभाग ने जब्त किया था। दुर्गा विसर्जन यात्रा से डीजे जब्त करने को लेकर नाराजगी भी देखी गई थी, लेकिन तेज आवाज वाले डीजे के खिलाफ यह कार्रवाई की गई थी।

यातायात थाना प्रभारी ने बताया कि सभी वाहनों पर नियमों के हिसाब से चालान किया गया है। संचालकों को चेतावनी दी गई है कि अगली बार डीजे बजाते समय निर्धारित आवाज का ही ध्यान रखें, नहीं तो दोबारा एक्शन लिया जाएगा।



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत चांगोटोला में लगाया गया जिला स्तरीय शिविर

8 हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के रजिस्ट्री पत्र, 02 किसानों को बीज मिनीकीट एवं 05 लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र वितरित, शिविर में 146 आवेदन प्राप्त हुए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 23 अक्टूबर को ग्राम पंचायत परिसर चांगोटोला में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर विधायक मधु भगत, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री तनुश्री मीणा, अपर कलेक्टर डीपी बर्मन, जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे, उपाध्यक्ष डॉ. शंकरलाल बिसेन, पूर्व जनपद अध्यक्ष पूरनलाल ठाकरे, सरपंच प्रमोद ठाकरे सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में कुल 146 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान उद्यम संवाद का आयोजन कर क्षेत्र के युवाओं एवं उद्यमियों से चर्चा की गई और उनके अनुभव सुने गए।

किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने और पराली का उचित प्रबंधन करने की सलाहः शिविर में कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने किसानों से अपने खेतों की मिट्टी का प्रयोगशाला में परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त करने तथा उसकी अनुशंसा के अनुसार ही उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने किसानों को पराली नहीं जलाने और उसका उचित प्रबंधन कर खाद बनाने में उपयोग करने की सलाह दी। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि वे स्वरोजगार के लिए पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरीपालन सहित अन्य शासकीय योजनाओं के तहत आवेदन कर सकते हैं। शिविर में प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई कर उनका निराकरण किया जाएगा। शिविर के दौरान स्वामित्व योजना के अंतर्गत 8 हितग्राहियों को रजिस्ट्री पत्र वितरित किए गए। कृषि विभाग की ओर से ग्राम बसेगांव के राधेश्याम साहू को सरसों बीज तथा ग्राम चरेगांव के दिनेश राहंगडाले को अलसी का बीज प्रदान किया गया। वहीं, आजीविका मिशन से जुड़ी 5 लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पानी टंकी, आईटीआई और सड़क निर्माण की मांग उठाईः शिविर में ग्रामीणों ने चांगोटोला की पानी टंकी को डिस्मेंटल करने की आवश्यकता बताई। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने चांगोटोला में आईटीआई खोलने तथा नगरवाड़ा से हिरमुटोला तक सड़क निर्माण की मांग भी रखी। इन मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया।

उद्यम संवाद में स्वरोजगार से जुड़े हितग्राहियों ने साझा किए अनुभवः उद्यम संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ सुश्री तनुश्री मीणा ने क्षेत्र के उद्यमियों से बातचीत कर उनके अनुभवों एवं समस्याओं की जानकारी ली। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 7 लाख रुपये का ऋण लेकर आटा चक्की व्यवसाय संचालित करने वाले जयंत राजुलकर तथा 10 लाख रुपये का ऋण लेकर वेल्डिंग शॉप चलाने वाले शुभम साहू ने अपने अनुभव साझा किए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 1-1 लाख रुपये का ऋण लेकर कारपेंटर का व्यवसाय करने वाले चेतन सिंह मरकाम, राकेश बांगरे, प्रेम सिंह विश्वकर्मा, जागेश्वर उइके और सुमित विश्वकर्मा ने भी अपने व्यवसाय की जानकारी दी। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 1 लाख रुपये का ऋण लेकर किराना दुकान संचालित करने वाली रूपाली बांगरे ने बताया कि शासन से मिली सहायता से वह अपना व्यवसाय सफलतापूर्वक चला रही हैं। सभी हितग्राहियों ने शासकीय योजनाओं से मिले सहयोग को स्वरोजगार स्थापित करने में उपयोगी बताया।

आज जिले में होगी साक्षरता परीक्षा

बालाघाट। जिले में 24 अक्टूबर 2026 को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता प्रदान करने के उद्देश्य से शामिल किया जाएगा। प्रदेश को वर्ष 2027 तक पूर्ण साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा केंद्र बालाघाट के जिला परियोजना समन्वयक जी.पी. बर्मन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में एक साथ यह परीक्षा आयोजित की जा रही है।

हेमेन्द्र क्षीरसागर बने दपूमरे नागपुर मंडल रेल परामर्श समिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर जोन द्वारा 16 अक्टूबर को जारी पत्र के अनुसार नागपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति, डीआरयूसीसी का पुनर्गठन किया गया है। इस समिति में बालाघाट जिले के हेमेन्द्र क्षीरसागर को सदस्य नामांकित किया गया है। वे सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार एवं लेखक, जनपद पंचायत बालाघाट पूर्व सभापति तथा भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी हैं। उनकी इस नियुक्ति को जिले - के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उल्लेखनीय रहे हेमेन्द्र क्षीरसागर ने समय-समय पर रेलवे से संबंधित जनसमस्याओं और यात्री सुविधाओं के विषयों को उठाया है। ऐसे में डीआरयूसीसी की सदस्यता मिलने से क्षेत्र की रेल संबंधी आवश्यकताओं को उचित मंच पर रखने। यात्री सुविधाओं के विस्तार और रेलवे के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। डीआरयूसीसी सदस्य नामांकित होने पर हेमेन्द्र क्षीरसागर ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा संगठन, जनप्रतिनिधियों, रेलवे प्रशासन तथा जोनल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त किया। आगे हेमेन्द्र क्षीरसागर ने कहा कि रेलवे यात्री सुविधाओं में सुधार। क्षेत्र की रेल संबंधी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दिलाने। आम यात्रियों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए वे गंभीरता से प्रयास करेंगे। समिति का सदस्य नामांकित होने पर जिले के गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

डाइट बालाघाट में जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित, विजेता टीम राज्य स्तर पर लेगी भाग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के अंतर्गत डाइट बालाघाट में जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं माध्यमिक शालाओं में कक्षा 8वीं और 9वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोक कला एवं संस्कृति से जोड़ने के साथ जनसंख्या शिक्षा से संबंधित विषयों के प्रति जागरूक करना रहा।



डाइट बालाघाट की बालिका शिक्षा प्रभारी श्रीमती स्मिता तितिरमारे ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से किशोरवय विद्यार्थियों में जनसंख्या शिक्षा से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यार्थियों में ऐसे कौशल विकसित करना भी उद्देश्य है, जिससे वे जीवन की विभिन्न चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय कला एवं संस्कृति को पहचानने तथा उसे नए संदर्भों से जोड़कर समझने का अवसर भी मिला। इसमें सादिपनी विद्यालय बालाघाट, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास बैहर तथा बालक छात्रावास बालाघाट की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में एन.पी. मलगाम, मनोज जैन, प्राचार्य एम.एल.बी. बालाघाट तथा नूतन कला निकेतन की श्रीमती ज्योति परिहार उपस्थित रहीं। आयोजन के दौरान डाइट स्टाफ से एस.एन. पंडित, के.डी. तितिरमारे, श्रीमती सरला भारद्वाज, सहनाज खान, सावित्री बिसेन, प्रशिक्षण सहायक सजल मस्की, सुधा लाडे, विशाखा चौधरी, शशिकला शेंडे एवं पुष्पा ओसले की उपस्थिति रही। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के उपरांत विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

अपेक्स बैंक के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री पटले ने ली शाखा प्रबंधकों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में बैंकिंग कार्यों एवं डिजिटल सुविधाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के मुख्यालय में 22 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में अपेक्स बैंक भोपाल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री आर.सी. पटले ने शाखा प्रबंधकों, पर्यवेक्षकों, कक्ष प्रभारियों तथा बैंक मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में बैंकिंग कार्यों की प्रगति, कृषि ऋण वितरण एवं वसूली, अमानत वृद्धि, सदस्यता अभियान और डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिनव सिंह बघेल तथा प्रबंधक (लेखा) श्री पी. जोशी उपस्थित रहे।



ऋण वितरण, वसूली और अमानत वृद्धि की समीक्षाः बैठक में श्री पटले ने शाखावार एवं समितिवार अल्पकालीन ऋण वितरण के लक्ष्यों की पूर्ति, अमानत वृद्धि, कृषि ऋणों की वसूली और एनपीए की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही नवीन केसीसी जारी करने, नए बचत खाते खोलने, केसीसी की ऑनलाइन प्रगति, समितियों में खाद भंडारण एवं वितरण, शेष मांग तथा उपार्जन कार्य में समितिवार ऋण प्रविष्टियों की जानकारी ली। उन्होंने बैंक शाखाओं, मुख्यालय एवं अन्य बैंकों के बीच खातों के मिलान (रिकंसिलिएशन), समितियों में व्यवसाय विविधीकरण, मध्यमकालीन ऋण, पैक्स कम्प्यूटरीकरण तथा निष्क्रिय (डॉरमेंट) बचत खातों को सक्रिय करने जैसे विषयों की भी समीक्षा की। श्री पटले ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने और बैंकिंग कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बी-पैक्स सदस्यता अभियान पर दिया जोरः श्री पटले ने सदस्यता अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए अधिक से अधिक किसानों को बी-पैक्स समितियों से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को सहकारी बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना है, ताकि वे औपचारिक बैंकिंग प्रणाली और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि बी-पैक्स का सदस्य बनने पर पात्र किसानों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर फसल ऋण की सुविधा मिलती है। इसके साथ ही कृषि कार्यों के लिए बीज, खाद एवं अन्य आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को सदस्यता अभियान के प्रति किसानों को जागरूक करने और अधिक से अधिक पात्र किसानों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए।

सदस्यता और केसीसी की प्रक्रिया हुई ऑनलाइनः बैठक में नवीन सदस्यता पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही डिजिटल सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। श्री पटले ने बताया कि अब बी-पैक्स समितियों की सदस्यता लेने तथा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) प्राप्त करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाया गया है। इसके लिए किसान के पास अद्यतन समग्र आईडी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नए नियमों के अनुसार किसानों को ऋण चुकाने के लिए प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की अनिवार्यता नहीं रहेगी। अब किसान ऋण लेने की तारीख से एक वर्ष के भीतर ऋण चुका सकेंगे। इससे किसानों को ऋण चुकाने के लिए अधिक सुविधाजनक समय मिल सकेगा।

बैठक में बैंकिंग सेवाओं को बेहतर बनाने, डिजिटल सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने तथा किसानों को सहकारी बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बैंक की विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक, पर्यवेक्षक तथा मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

घी के तीन बैच पर कार्रवाई, विक्रेताओं और निर्माता कंपनियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में जांच के दौरान सोसाइटी, औषधा और औषधा देसी घी के तीन बैच के नमूने असुरक्षित पाए गए हैं। खाद्य विभाग ने इन बैच की बिक्री पर प्रतिबंध लगाकर संबंधित कंपनियों और विक्रेताओं को बाजार से माल वापस मंगाने के निर्देश दिए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे ने बताया कि सोसाइटी घी के बैच नंबर बीआरए 2801जी 00126, औषधा घी के बैच नंबर बीएन जे 06 और औषधा देसी घी के बैच नंबर केजे 07 के नमूने जांच में असुरक्षित पाए गए हैं।खाद्य विभाग ने बालाघाट के अरिहंत प्रोविजन, श्री गायत्री इंटरप्राइजेज और महाराष्ट्र व गुजरात की निर्माता कंपनियों को आदेश जारी किए हैं।विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।



राज्य स्तरीय पर्यावरण शिक्षण प्रशिक्षण में बालाघाट के सौरभ कुमार शर्मा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को), पर्यावरण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 22 अक्टूबर 2026 को भोपाल स्थित एप्को सभागार में राज्य स्तरीय एक दिवसीय पर्यावरण शिक्षण मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन के निर्देशन में शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा के प्रभारी प्राचार्य सौरभ कुमार शर्मा ने बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में लगभग 52 जिलों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, दस्तावेजीकरण और सतत जीवनशैली जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में कागज निर्माण, मिट्टी से पशु-पक्षियों की आकृतियां बनाने तथा पत्तियों से जैविक खाद तैयार करने जैसी गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों में सराहनीय योगदान तथा टाइगर डे के अवसर पर कान्हा टाइगर रिजर्व में विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग और मुखौटा निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कराने के लिए श्री सौरभ कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पर्यावरण शिक्षण किट प्रदान की गई। वहीं, प्रदेश के नौ टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में टाइगर डे के सफल आयोजन में योगदान देने वाले मास्टर ट्रेनर्स को भी प्रमाण-पत्र दिए गए।



नक्सल प्रभावित रहे 100 गांवों में 14 दिन तक चलेगा विशेष विकास अभियान

कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारी करेंगे गांवों का दौरा, पेयजल, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के कार्यों को समयसीमा में पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नक्सल प्रभावित रहे बैहर एवं बिरसा क्षेत्र के 100 गांवों में विकास कार्यों को गति देने और ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आगामी 14 दिनों तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को गांवों का भ्रमण कर विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

अभियान के दौरान कलेक्टर श्री आदित्य सिंह, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुश्री मीना, अपर कलेक्टर तथा बैहर एसडीएम अलग-अलग गांवों के समूहों का दौरा करेंगे। प्रत्येक अधिकारी 25-25 गांवों में पहुंचकर विकास कार्यों की प्रगति और ग्रामीणों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा करेगा। कलेक्टर स्वयं सबसे दूरस्थ गांवों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग से संबंधित स्वीकृत, प्रगतिरत एवं लंबित विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी तैयार रखें। इसमें बजट आवंटन, तकनीकी स्वीकृति (टीएस), प्रशासकीय स्वीकृति (एएस) तथा टेंडर की स्थिति का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए, ताकि कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिव एवं पटवारी को अपने गांव में संचालित और पूर्ण हो चुके विकास कार्यों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसी तरह ब्लॉक एवं तहसील स्तर के अधिकारियों को भी अपने क्षेत्र की कार्ययोजना और विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति से अवगत रहना आवश्यक है।

मौलाना आजाद एजुकेशन सोसायटी के छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



मौलाना आजाद एजुकेशन सोसाइटी डोंगरिया में पढने वाले बच्चों का गुरुवार 22 अक्टूबर को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 4 तक चला। इसमें मुख्य रूप से बच्चों की आंखों की जांच की गई और साथ में हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड, शुगर और ब्लड ग्रुप की जांच की गई। बच्चों का यह स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली के लैब टेक्नीशियन आरिफ खान व ओ ए कमलेश रंगारे द्वारा किया गया। आंखों की जांच के उपरांत बच्चों को को नंबर प्रदान किए गए तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा ही अगले एक सप्ताह के भीतर उनको चश्मे भी निशुल्क प्रदान किये जाएंगे।

इस अवसर पर मौलाना आजाद उर्दू स्कूल के शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा। संस्था के नाजिम मौलाना इरशाद साहब ने दोनों स्वास्थ्य कर्मियों का तहे दिल से स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया।